परेशानी

रोड की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल, सुधार नहीं होने से वाहन चालकों, राहगीरों और ग्रामीणों को हो रही परेशानी

बदहाल हो गई गोटेगांव-लाठगांव सड़क

नवभारत/नरसिंहपुर/ गोटेगांव। समीपवर्ती गोटेगांव से लाठगांव होते हुए कुंडा की सीमा तक लोनिवि ने डामरीकरण सड़क बनाई है। इसके बाद सिवनी जिले के धूमा गांव तक जाने के लिए यहां पर सीसी सड़क का निर्माण किया गया है। गोटेगांव से लाठगांव होते हुए कुंडा तक की सड़क को कई बार निर्मित कराया जा चुका है। मगर हर साल इस हिस्से की सडक पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो जाती है हाल ही में लोक निर्माण विभाग के द्वारा कुछ माह पूर्व सुधार कार्य करवाया गया था। इसके बाद भी उक्त सड़क की हालत फिर यथावत हो गई है। जगह-जगह पर गड्ढे हो जाने पर गोटेगांव से लाठगांव होते कुंडा गांव तक बदहाल सड़क से निकलने वाले लोग अत्यंत परेशान होते रहते हैं। इस हिस्से में अनेक गांव मौजूद हैं। वहीं इस सड़क से आस-पास के गांव भी लगे हुए हैं। सड़क की खराबी से परेशान नागरिक कह रहे हैं कि लोक निर्माण विभाग गोटेगांव से लाठगांव होते हुए कुंडा तक सीसी सड़क का निर्माण कराने प्रस्ताव शासन के पास पहुंचाए ताकि इसकी राशि स्वीकृत हो सके, इस हिस्से में डामर सड़क का निर्माण सफल नहीं हो पा रहा है।

इसलिए हर साल सड़क की हालत खराब हो रही है। इस हिस्से को छोड़कर सभी हिस्से में सीसी सड़क है। इसके निर्माण हो जाने से आस पास के गांव के लोगों को जो परेशानी होती है उससे भी राहत मिल जाएगी। गोटेगांव से परमहंसी होते हुए कुंडा तक सीसी रोड अवश्य है। मगर इसका उपयोग कम ही होता है, क्योंकि गोटेगांव से लाठगांव होकर कुंडा तक पहुंचने की दूरी कम है। इसलिए यहां से भारी वाहन वाले अधिक निकलते रहते हैं। यदि उक्त हिस्से में सीसी सड़क का निर्माण करवा दिया जाता है तो यह मार्ग सिवनी जिले सहित नरसिंहपुर जिले की सड़क पूरी तरह से सीसी फाक्रीट की हो जाएगी और लाठगांव सड़क पर मौजूद गांव वालों को भी बहुत राहत मिलेगी।

इनका कहना है

नगर गोटेगांव से ग्राम लाटगांव तक यह रोड काफी लंबे समय से पूरी जर्जर हालत में हो चुकी है और इस सड़क पर रोजाना हादसों के साथ-साथ गाड़ी चलाने में बहुत दिक्कत हो रही है यहां पर जिम्मेदार विभाग अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को ध्यान आकर्षित कर मरम्मत कार्य प्रारंभ कराना चाहिए ताकि इस सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों ग्रामीणों को राहत मिल सके।

शिवा कहार, वाहन चालक।

इनका कहना है

गोटेगांव लाठगांव धूमा मार्ग कुछ दिनों पूर्व सड़क को लेकर राहत की खबर आई थी की सीसी रोड होने वाला है लेकिन ना तो सीसी हुआ न ठेकेदार का पता है और नाही जिम्मेदार विभाग कोई सुध ले रहा है जबकि रोड में बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण आय दिन घटनाएं हो रही हैं यहां पर ना तो कोई स्थानीय जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहा है ना ही विभाग द्वारा कोई उसमें मर्मत का कार्य हो रहा है ना ही रोड के गड्ढों में भराव का कार्य किया जा रहा इससे इस सड़क से गुजारने वाले राहगीरों वाहन चालकों के साथ-साथ हम सभी ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की बहुत परेशानी हो रही है नगरीय प्रशासन ध्यान आकर्षित कर जल्द ही समस्या का समाधान कराएं नहीं तो इस रोड पर चुटपुट एक्सीडेंट होने के साथ-साथ बड़ी दुर्घटना भी घटित हो सकती है

ग्रामीण सत्य सिंह पटेल मोनू



बार-बार बिजली गुल, भीषण गर्मी में जनता बेहाल, विद्युत विभाग बेअसर

नवभारत/गाडरवारा। क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली कटौती से आमजन का जीना मुश्किल हो गया है। दिन हो या रात, बिना किसी पूर्व सूचना के बार-बार बिजली गुल हो रही है, जिससे लोग खासे परेशान हैं। घरों में पंखे-कूलर बंद होने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं व्यापारी वर्ग भी इस अव्यवस्था से प्रभावित है—दुकानों का कामकाज ठप पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विद्युत विभाग समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर पा रहा है। हर बार लाइन फॉल्ट या मेंटेनेंस का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से बचा जा रहा है। **जनता की मांग:** नियमित और निर्बाध बिजली सप्लाई सुनिश्चित की जाए कटौती से पहले सूचना दी जाए खराब लाइनों और ट्रांसफॉर्मर की जल्द मरम्मत हो अगर जल्द सुधार नहीं हुआ, तो जनता सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हो सकती है।

8 माह पहले हुए संतोष गौंड हत्याकांड में कोर्ट का बड़ा फैसला

नवभारत/गोटेगांव। मुंगवानी थाना क्षेत्र के जेरा गांव में आठ माह पूर्व हुई संतोष गौंड की हत्या के मामले में कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आलोक मिश्रा ने आरोपी दुर्गेश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पुलिस जांच में खामियों के बावजूद कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी माना।

भैंस चराने गए ग्रामीण की जंगल में हुई थी हत्या

घटना 7 अगस्त 2025 की है, जब संतोष गौंड पशु चराने बाघचेतरा जंगल गया था। रात तक पशु तो घर लौट आए, लेकिन संतोष वापस नहीं आया। अगले दिन परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। एक महीने बाद, गवाह अमर सिंह के बयान से खुलासा हुआ कि उसने

जंगल में आरोपी दुर्गेश को संतोष के साथ विवाद करते और कुल्हाड़ी से हमला करते देखा था।

17 स्थानों पर बिखरी मिली थीं हड्डियां

पुलिस को तलाशी के दौरान बाघचेतरा नाले के पास मृतक के कपड़े और 17 अलग-अलग स्थानों पर मानव हड्डियां बिखरी मिली थीं। इन हड्डियों की डीएनए जांच कराई गई, जिससे यह प्रमाणित हुआ कि वे संतोष गौंड की ही थीं। शर्ट पर मिले कट के निशानों से भी धारदार हथियार से हमले की पुष्टि हुई।

विवेचना की कमियों का लाभ आरोपी को नहीं

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने और गवाहों के बयान लेने में अनावश्यक देरी की। जज ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि पुलिस विवेचना का दोषपूर्ण होना अभियुक्त को दोषमुक्त करने का आधार नहीं बन सकता।

हत्या की प्रकृति को आपराधिक मानव वध माना: बीते दिवस कोर्ट ने चश्मदीद गवाह की गवाही और वैज्ञानिक साक्ष्यों को संदेह से परे मानते हुए आरोपी दुर्गेश को दोषी करार दिया। हत्या की प्रकृति को आपराधिक मानववध% मानते हुए उसे उम्रकैद की सजा से दंडित किया गया।

जनगणना प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत/ तेंदूखेड़ा भारत की जनगणना को लेकर शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय में चल रहे प्रथम चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।प्रशिक्षण ले रहे सभी प्रगनकों पर्यवेक्षकों को चार्ज अधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई।इस मौके पर प्रशिक्षक भी उपस्थित थे।

देवेंद्र ने बढ़ाया क्षेत्र का मान : 10वीं में 91% अंक पाकर धनौरा गांव का नाम किया रोशन

नवभारत/ साईखेड़ा। धनौरा मध्य प्रदेश ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। इसे सच कर दिखाया है साईखेड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धनौरा के प्रतिभावान छात्र देवेंद्र अहिरवारने। देवेंद्र ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।शुभम विद्यापीठ खेरी के छात्र ने गा ?ा सफलता का झंडा ग्राम धनौरा निवासी सुरेश अहिरवार रोजगार सहायक के सुपुत्र देवेंद्र अहिरवार ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने



शिक्षकों और माता-पिता को दिया है। देवेंद्र शुभम विद्यापीठ खेरी के छात्र हैं। स्कूल प्रबंधन के अनुसार देवेंद्र शुरू से ही प ?ाई में मेधावी रहे हैं और उनकी एकाग्रता ने ही उन्हें आज इस मुकाम पर पहुँचाया है। जैसे ही देवेंद्र के परीक्षा परिणाम की जानकारी गांव पहुंची, उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया।

गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत सांईखेड़ा में गौ सेवकों ने किया व्यापक प्रचार प्रसार

नवभारत/ सांईखेड़ा में गौ सम्मान आवाहन अभियान के माध्यम से गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने हेतु 27 अप्रैल 2026 को प्रार्थना पत्र सौंपे जाने को लेकर नगर के बाजार क्षेत्र में गौ भक्तों ने किया सघन प्रचार प्रसार किया। जिसमें गाडरवारा एवं सांईखेड़ा के गौ भक्तों ने संयुक्त रूप से सांईखेड़ा नगर के स्थानीय लोगों से मिलकर दुकानदारों,सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से जन संपर्क कर 27 अप्रैल 2026 को तहसील स्तर पर अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व (एसडीएम) एवं तहसील के मुखिया तहसीलदार को तथा जिला स्तर पर जिला कलेक्टर को सौंपे जा रहे प्रार्थना पत्र में सम्मिलित होने की अपील की गई । गौ

सम्मान आव्हान अभियान के मुख्य उद्देश्य हैं गौ माता की सेवा हो सुरक्षा हो और उन्हें सम्मान मिले। जिसके तहत भारत से गौ माता की हत्या पर पूर्णत: प्रतिबंध लगे,अर्थात गौ हत्या पूर्णत: समाप्त हो। गौ माता को राष्ट्रमाता,राष्ट्र देव,राष्ट्र आराध्या राष्ट्र धरोहर अथवा राष्ट्र आधार का सम्मानित पद प्रदान करें। देशी गो नंदी को भी सम्मान मिले। गो सेवा हेतु केन्द्रीय कानून लागू हो और केंद्रीय गो सेवा मंत्रालय बने। गोचर बोर्ड बने, चारा सुरक्षा नीति तय हो, गौ आधारित कृषि सुनिश्चित हो। ये सभी मजबूत इरादे के साथ यह प्रार्थना पत्र सौंपे जा रहे है जिसका क्षेत्रवासियो का भी इस पुनीत कार्य में भरपूर समर्थन भी मिल रहा है। यह जन अभियान पूरे देश में एक साथ किया जा रहा है जो कि गैर राजनीतिक है और न ही किसी व्यक्ति विशेष या संगठन से जुड़ा है।अपितु इस अभियान कार्यकारिणी की प्रधान संरक्षक वेद लक्षणा गौ माता है एवं अध्यक्ष नंदी महाराज हैं। इस अभियान का भारतीय परंपरा के समस्त आराध्य देवी देवताओं के आशीर्वाद से संचालन हो रहा है। इस अभियान में भारतीय परंपरा के समस्त आचार्य, संत, महापुरुष, गौ संत,गौ भक्त, गो रक्षक, गो पालक, गो पुत्र, गो वत्स और समस्त गौ प्रेमी जन का भरपूर सहयोग एवं समर्थन मिल रहा है। इस सघन प्रचार के अवसर पर गाडरवाड़ा एवं सांईखेड़ा के गो सेवक ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

गाडरवारा में श्री विश्वकर्मा महाकुंभ का आयोजन 18 से 25 अप्रैल तक

नवभारत/ गाडरवारा। नगर में धार्मिक आस्था का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है, जहां श्री विश्वकर्मा महाकुंभ का भव्य आयोजन 18 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। इस दौरान भगवान श्री विश्वकर्मा की प्राण-प्रतिष्ठा, यज्ञ, श्री विश्वकर्मा महापुराण, संगीतमय श्री राम कथा एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 18 अप्रैल को भव्य दिव्य कलश यात्रा के साथ सुबह 10 बजे किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन के दौरान प्रतिदिन सुबह श्री राम कथा (08 बजे से दोपहर 12 बजे तक) एवं दोपहर में श्री विश्वकर्मा कथा (02 बजे से 05 बजे तक) का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सामाजिक कार्यक्रमों और भंडारे की भी व्यवस्था रहेगी। यह संपूर्ण आयोजन श्री विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण, गाडरवारा (जिला नरसिंहपुर, म.प्र.) में संपन्न होगा। आयोजन की जिम्मेदारी श्री विश्वकर्मा सेवा समिति एवं समस्त नगरवासियों द्वारा निभाई जा रही है, जिसमें पूरे विश्वकर्मा समाज का सहयोग मिल रहा है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

एक नजर में

खेत से विद्युत मोटर चुराकर ले गए चोर

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में चोरियों की घटनाएं लगातार अपने पैर पसारती चली जा रही है। और चोर पुलिस की पकड़ में नहीं आ रहें हैं। हमारे प्रतिनिधि को नगर परिषद में पूर्व पार्षद एवं हाल ही में ऐल्डरमेन बनें राजू पाली के जामनपानी स्थित खेत से दो हार्स पावर की विद्युत मोटर अज्ञात चोर निकालकर ले गये हैं।

ग्राम पंचायत श्रीनगर में स्थित गौशाला के पास 50 एकड़ शासकीय भूमि हुई अतिक्रमण मुक्त

नवभारत/ नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में और सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत श्रीनगर में स्थित शिवा स्वसहायता समूह के द्वारा संचालित गौशाला के पास 50 एक ? शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर गौशाला को सौंपी गई। यह कार्यवाही अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्रीमती संघमित्रा गौतम, तहसीलदार, सीईओ जनपद गोटेगांव सुश्री दीक्षा जैन तथा अन्य अधिकारियों- कर्मचारियों के आपसी समन्वय से की गई। अतिक्रमण मुक्त के पश्चात उक्त भूमि में ग्राम पंचायत के द्वारा इस संपूर्ण परिक्षेत्र में ट्रेंच खोदकर इसे गौशाला के लिए सुरक्षित किया गया। भविष्य में उक्त भूमि में चारागाह विकास तथा उद्यानकी पौधों के रोपण सहित अनेक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि विगत एक माह में जिले की ग्राम पंचायत बरमान कला, इमलिया बघौरा, इमलिया कल्याणपुर सहित अनेक गौशालाओं से लगी हुई भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। मुख्यमंत्री गौ सेवा योजना द्वारा जिले में निर्मित 81 गौशालाओं को विधिवत संचालित करने के लिए स्वसहायता समूह एवं सामाजिक संस्थाओं को तैयार किया जा रहा है। गौशालाओं के पास उपलब्ध शासकीय भूमि को गोवंश के परिभ्रमण, हरी घास उत्पादन तथा अन्य अनुसांगिक प्रयोजनों के लिए तैयार किया जा रहा है।

पुरुषोत्तम दास विश्वकर्मा का देवलोक गमन

नवभारत/ गोटेगांव। विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी पथरियाकुंआ निवासी गुड़ व्यापारी धन्नू विश्वकर्मा नारायण विश्वकर्मा के बड़े भ्राताश्री एवं पीयूषकुमार बाला विश्वकर्मा के परमपूज्य पिताश्री पुरुषोत्तम दास विश्वकर्मा का लगभग 65 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते इलाज के दौरान अचानक हृदयगति रुक जाने की वजह से देवलोक गमन हो गया है, आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे, आपके देवलोक गमन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया, अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रति निधियों ने मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनों ने श्री विश्वकर्माजी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार जनों के प्रति शोक संवेदनाव्यक्त कर शोकाकुल परिवार जनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

आस्था जैन ने 12वीं में 93% अंक हासिल कर बढ़ाया मान

नवभारत/ गाडरवारा। बीजासेन वार्ड निवासी आस्था जैन, पिता शैलेंद्र जैन, ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 93त्न अंक प्राप्त कर अपने परिवार और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उत्कृष्ट सफलता पर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। आस्था की इस उपलब्धि को लेकर क्षेत्र में भी सराहना की जा रही है और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मिढ़वानी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

नवभारत/ साईखेड़ा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिढ़वानी का इस सत्र का हाई स्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाई स्कूल परीक्षा में विद्यालय से 25 छात्र छात्राएं नियमित परीक्षार्थी के रूप में शामिल हुए, जिनमें से 19 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय की छात्रा कु. पूर्वी गूजर ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तनु अहिरवार द्वितीय और शिखर स्थापक तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह हायर सेकंडरी परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। विद्यालय में दर्ज 56 परीक्षार्थी में से 41 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रथम स्थान पर विद्यालय की दो छात्राओं अंशिका पटेल और निशिका स्थापक ने समान अंक हासिल किए। द्वितीय स्थान पर भावना विश्वकर्मा और तृतीय स्थान पर विशेष गुर्जर रहे। कामर्स संकाय में आशीष ठाकुर और कला संकाय में निकिता पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय छात्र छात्राओं ने प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या एवं शिक्षक वेणी शंकर पटेल, डीडी वर्मा,परम स्नेही साहू, राजेश कोरी,नेहा रावत,नीलम सोनी, जीएस मेहरा, चैतन्य तिवारी, अमित भाटी, पूजा पटेल, अर्चना बिल्थरिया, सपना गुप्ता, भोपाल सिंह लोधी, अजीत उपाध्याय, संजय शर्मा को दिया है।

परशुराम जयंती आज और कल मनेगी अक्षय तृतीया

नवभारत/ तेंदूखेड़ा सनातन परंपरा का महापर्व भगवन परशुराम जी का प्राकट्योत्सव इस वर्ष बैशाख शुक्ल पक्ष द्वितीया आज रविवार 19 अप्रैल को मनाया जाएगा। मान्यता के अनुसार विष्णु भगवान के अंशावतार श्री परशुराम भगवान का अवतार प्रदोष व्यापिनी तृतीया में हुआ था और वह योग आज रविवार को द्वितीया तिथि के समाप्त होने के बाद तृतीया को प्राप्त होगा।कल अक्षय तृतीया तिथि दोपहर पूर्व ही समाप्त हो जायेगी। पूर्वाह्न व्यापिनी शाकल्यपादिता तृतीया तिथि 20अप्रैल सोमवार को निर्विवाद रूप से प्राप्त होने से इसी दिन अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा।हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक ज्योतिष शिरोमणि ज्योतिष रत्न पं प्रमोद पचौरी ने बताया कि अक्षय तृतीया को त्रेता युग की शुभारंभ तिथि युगादि तिथि के रूप में मनाया जाता है।इस दिन किया गये सत्कर्म पूजन पाठ जप हबन दान आदि का

फल अक्षय हो जाता है।अक्षय तृतीया को सरत्नगर्भ कूष्माण्ड दान जलकुंभ छत्र व्यजन स्वर्ण वस्त्र आभूषण आदि के दान का विशेष महत्व होता है।इस दिन जातकर्म संस्कार नामकरण पुंसवन सीमंतोन्नयन अन्न प्राशन नव वस्त्र धारण वधु प्रवेश द्विरागमन हलप्रवहण आदि कृषि कार्य के मुहूर्त अग्न्याधान धान्यछेदन उपनयन संस्कार व्यापार वाहन क्रय विक्रय के अच्छे मुहुर्त के साथ खरमास के कारण विवाह आदि मांगलिक कार्यों में लगे विराम के बाद अक्षय तृतीया से पुन: शहनाईयों की गूंज के साथ विवाह प्रारम्भ हो जायेंगे। परम्परागत सिद्ध क्षेत्रों में आंवले के वृक्ष का पूजन कर मांगलिक गीतों के साथ परिक्रमा लगाई जायेगी।

22 को निकाली जाएगी विशाल शोभायात्रा

सर्व ब्राह्मण महासभा तहसील इकाई और नगर इकाई के बैनर तले महिला मंडल के साथ इस वर्ष जयंती महोत्सव को धूमधाम से मनाये जाने को लेकर वृहद स्तर पर तैयारी में जुटा हुआ है। गांव गांव जाकर समाज के हर वर्ग से संपर्क किया जा रहा है।मंगल भवन परिसर से एकत्रीकरण के उपरांत विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा के साथ कलश गार्डन में मंचीय कार्यक्रम के साथ समापन होगा।

शासकीय महाविद्यालय साईखेड़ा : निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं होना अतिक्रमण को खुला निमंत्रण

साईखेड़ा। क्षेत्र के शासकीय महाविद्यालय साईखड़ा के नवीन भवन निर्माण में बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। शासन द्वारा लाखों की लागत से तैयार किए जा रहे इस शिक्षा के मंदिर की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। नियमानुसार कॉलेज की आवंटित संपूर्ण भूमि पर बाउंड्रीवाल का निर्माण अनिवार्य था, लेकिन वर्तमान स्थिति प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।नियमों को ताक पर रखकर केवल तार फेंसिंग का खेल सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवीन भवन निर्माण के साथ ही कॉलेज को आवंटित पूरी जमीन की सुरक्षा हेतु पक्की बाउंड्रीवाल का प्रावधान स्वीकृत था। इसके बावजूद, ठेकेदार द्वारा आज दिनांक तक सीमा दीवार का निर्माण नहीं कराया गया है। नियमों के विरुद्ध जाकर पूरी जमीन को

सुरक्षित करने के बजाय केवल नवनिर्मित भवन के चारों ओर खानापूर्ति के लिए तार फेंसिंग कर दी गई है। यह कृत्य न केवल शासकीय गाइडलाइन का उल्लंघन है, बल्कि भविष्य में कॉलेज की बेशकीमती जमीन के लिए बड़ा खतरा भी है। महाविद्यालय की आवंटित जमीन को बिना सुरक्षा दीवार के खुला छोड़ना अतिक्रमण को खुला निमंत्रण देने जैसा प्रतीत हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि शासन की जमीन सुरक्षित नहीं की गई, तो असामाजिक तत्वों और अवैध कब्जा करने वालों की नजर इस पर पड़ सकती है। इसके अलावा, बाउंड्रीवाल न होने से कॉलेज के नवीन भवन की सुरक्षा भी प्रभावित होगी। छात्र-छात्राओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की जगह, परिसर को असुरक्षित छोड़ना प्रबंधन और निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही को दर्शाता है।

जांच के घेरे में निर्माण की गुणवत्ता

बाउंड्रीवाल के निर्माण में हो रही देरी और उसे दरकिनार करने की कोशिशों ने अब नवीन भवन के निर्माण की गुणवत्ता पर भी संदेह की उंगली उठा दी है। स्वीकृत बजट होने के बावजूद कार्य को अधूरा छो ?ना और मानकों के विपरीत तार फेंसिंग करना, किसी ब ?ी वित्तीय ग ?ब ?ी की ओर इशारा करता है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई है।जन अपेक्षा- जिला प्रशासन करे सख्त कार्रवाई साईखड़ा क्षेत्र की जनता और छात्र समुदाय ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शासकीय महाविद्यालय साईखड़ा की आवंटित भूमि और नवीन भवन निर्माण की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। स्वीकृत बाउंड्रीवाल का निर्माण तत्काल प्रभाव से शुरू कर पूरी भूमि को सुरक्षित किया जाए।

झोतेश्वर में नवनिर्मित गौशाला का उद्घाटन आज संत समाज एवं जनप्रतिनिधियों की रहेगी उपस्थिति

नवभारत/ नरसिंहपुर जिले के पावन तीर्थ स्थल परमहंसी गंगा आश्रम में आज दिनांक 19 अप्रैल, रविवार को एक विशेष धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन होने जा रहा है। ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की दिव्य प्रेरणा एवं अनुकंपा से निर्मित नई गौशाला का विधिवत उद्घाटन द्वारका पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज के कर-कमलों से दोपहर 12ः00 बजे किया जाएगा। इस पावन अवसर पर राज्यसभा सदस्य एवं प्रख्यात विधिवेत्ता विवेक कृष्ण तन्खा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति भी रहेगी, जिसमें पंच अग्नि पीठाधीश्वर आचार्य राम कृष्णानंद जी महाराज, महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद जी महाराज सहित अनेक संत-महात्मा शामिल होंगे। साथ ही दोनों शंकराचार्य जी के निजी सचिव ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज भी इस आयोजन में सहभागी बनेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शंकराचार्य महाराज की परम शिष्या एवं गौशाला प्रभारी (पूर्व विधायक) कल्याणी पांडे ने बताया कि गुरु परंपरा की भावना के अनुरूप गोवंश की सुरक्षा, सेवा एवं संरक्षण के उद्देश्य से इस गौशाला का संचालन किया जा रहा है। गोवंश की निरंतर बढ़ती संख्या को देखते हुए इस नवीन गौशाला का निर्माण कराया गया है, जिससे अधिक संख्या में निराश्रित, घायल एवं बेसहारा गोवंश की सेवा संभव हो सके। उन्होंने समस्त सनातन धर्मावलंबियों, गुरु परिवार के सदस्यों एवं श्रद्धालुजनों से इस पुण्य कार्य में सहभागिता का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह गौशाला केवल एक सेवा केंद्र नहीं, बल्कि करुणा, संरक्षण और धर्म की जीवंत अभिव्यक्ति है, जहां गोवंश की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।